सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0(भारत)
Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in

पत्रांक–1521 / कु0स0का0 / सि0वि0वि0 / 2024 दिनांक– 28 / 08 / 2024

अधिसूचना

एतद्द्वारा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु द्वारा आयोजित शोध पात्रता परीक्षा 2023–24 के दिनांक 23–08–2024 को घोषित परिणाम के सन्दर्भ में पुनः अधिसूचित किया जाता है कि चयनित अभ्यर्थियों की प्रवेश–प्रक्रियाको आगे बढ़ाने हेतु **दिनांक 03–04 एवं 06 सितम्बर, 2024 को समस्त विषयों के अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग विश्वविद्यालय परिसर में सम्बन्धित विभागों में होनी है।** अतः समस्त अभ्यर्थियों को उक्त कार्यदिवसों में से अपनी सुविधानुसार किसी एक दिन विश्वविद्यालय में अपने विषय से सम्बन्धित विभाग में उपस्थित होना अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी उक्त तिथियों में उपस्थित होकर निर्धारित प्रकिया को पूर्ण नहीं करेंगे, उनके सम्बन्ध में यह माना जायेगा कि वे सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में पीएच.डी. हेतु प्रवेश के लिये इच्छुक नहीं हैं। अतः उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा और उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान कर दिया जायेगा।

इस सन्दर्भ में अभ्यर्थियों को निम्नलिखित प्रकिया हेतु निर्देशित किया जाता है कि–

1. अभ्यर्थियों को अपने समस्त आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी स्वप्रमाणित छाया प्रतियों तथा दो रंगीन छाया चित्रों के साथ विभागीय शोध समिति के समक्ष काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होना होगा।
2. विभागीय शोध समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये समस्त प्रपत्रों को सावधानी पूर्वक भरकर जमा करना होगा।
3. काउन्सलिंग के पश्चात् शोधार्थियों को उसी दिन उनके शोध–निर्देशकों का आवंटन किया जायेगा तथा सहमति पत्र का प्रारूप उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे पूरित करवाकर उन्हें सम्बन्धित निर्देशक द्वारा हस्ताक्षरित तथा अधिष्ठाता/प्राचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कराकर विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथियों के भीतर ही जमा करना होगा। तत्पश्चात् उन्हें शुल्क जमा करने की अनुमति दी जायेगी।
4. सेवारत अभ्यर्थियों को कोर्स वर्क हेतु 06 माह के अवकाश का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। उक्त आधार पर ही उन्हें शुल्क जमा करने की अनुमति दी जायेगी।
5. विभागीय शोध समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुमति मिलने के पश्चात् अभ्यर्थी को **अधिकतम 9 सितम्बर, 2024 तक निर्धारित प्रवेश–शुल्क (कोर्स वर्क फीस) ऑनलाइन** जमा करना होगा।

28/08/24
कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक / तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, कुलपति; सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समन्वयक, शोध पात्रता परीक्षा 2023–24, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त संकायाध्यक्ष, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. विभागाध्यक्ष/प्रभारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, परिसर।
5. कुलानुशासक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
6. डॉ0 अविनाश सिंह, मीडिया प्रभारी को सूचनार्थ।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,